RAF SECTOR
NEWS CLIP
18/07/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Telangana Today , Hyderabad(T.S)

SOUTH ZONE DCP ALONG WITH MOGHALPURA INSPECTOR CONDUCTS FLAG MARCH

Telangana Media Reporter Syed Sayeed Quadri"In view of Bakrid and Bonal Festivals has conducted Drill Flag March along with South Zone DCP Dr. Gajarao Bhupal IPS and Moghalpura Police Station Circle

Inspector Ravi Kumar with staff coordination with 75 RAF Officers from Moghalpura Police Station."

Dainik Bhaskar, New Delhi

राजद्रोह केस के खिलाफ जुट रहे किसान, पुलिस से भिड़े

भास्कर न्यूज|सिरसा/चंडीगढ़/नई दिल्ली

हरियाणा के सिरसा सहित अन्य जिलों में शनिवार को किसानों का आक्रोश दिखा। कई जगह पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई। बैरीकेड भी तोड़े गए। यहां किसानों पर राजद्रोह, हत्या के प्रयास के मुकदमे दर्ज करने के खिलाफ और गिरफ्तार किसानों को रिहा करने की मांग के साथ महापंचायत बुलाई गई है, जिसमें हजारों किसान पहुंचे हैं।

पुलिस ने सिरसा में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और बिजली मंत्री रंजीत सिंह के आवासों के बाहर तनाव की आशंका में सुरक्षा बढ़ाई है। इसके लिए पुलिस ने सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी। निगरानी के लिए ड्रोन भी लगाए गए हैं। पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ), अर्धसैनिक बल के 10 हजार से ज्यादा जवान नाकों पर तैनात रहे।

ये है मामला

सिरसा में 11 जुलाई को विधानसभा उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा की गाड़ी पर पथराव मामले में पांच किसानों को गिरफ्तार किया गया है। 100 किसानों पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया है। किसानों पर हत्या के प्रयास के आरोप में भी एफआईआर दर्ज है।

टिकैत और अन्य किसान नेता महापंचायत में पहुंचे

किसान महापंचायत में भारतीय किसान संघ के महासचिव राकेश टिकैत सहित बड़े नेता पहुंचे हैं। सिरसा के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में किसानों के महापड़ाव में योगेंद्र यादव भी शामिल हो रहे हैं। यहां पहुंचने से पहले उन्होंने कहा, 'यह चौंकाने वाला है कि पुलिस ने विरोध करने वाले किसानों पर राजद्रोह का केस लगाया। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून पर सवाल उठाए हैं।'

संसद का घेराव करने की किसानों की रणनीति तैयार

केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर करीब नौ महीने से आंदोलन कर रहे किसान 22 जुलाई से संसद का घेराव करेंगे। पंजाब के बठिंडा, मंसा, फिरोजपुर, मुक्तसर, रोपड़, बरनाला और गुरदासपुर से किसानों का जत्था शुक्रवार को दिल्ली पहुंच चुका है। संयुक्त किसान मोर्चा ने विपक्ष के सभी सांसदों को एक चिट्ठी भेजने का फैसला किया है।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।